हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



खबर संक्षेप

खराब मौसम के कारण जिलास्तरीय युवा उत्सव स्थगित

धमतरी। जिले में लगातार हो रही बारिश एवं खराब मौसम को देखते हुए 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाला जिलास्तरीय युवा उत्सव स्थगित कर दिया गया है। युवा उत्सव की आगामी तिथि निर्धारित होने पर इसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

आदिवासी लोक कला महोत्सव पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां 25 तक

धमतरी। शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति आदिवासी लोक कला महोत्सव पुरस्कार के लिए छग राज्य के आदिवासी लोक कला नर्तक दलों से आगामी 25 नवंबर तक प्रविष्टियां मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आदिवासी लोक कला महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक नर्तक दलआदिवासी विकास विभाग धमतरी में दस्तावेजों के साथ प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक बारिश की संभावना

चक्रवात हुआ कमजोर, चार दिन तक और दिखेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दो दिन में ही हवा, बारिश ने किसानों की हालत खराब कर दी है। अब चार दिन और चक्रवात का असर रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। ऐसे में किसानों को और ज्यादा नुकसान का डर सता रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक भी अनेक स्थानों पर वर्षा, गरज-चमक, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवाती तूफान अर्नब कमजोर होकर अवदाब में परिवर्तित हो गया है। चक्रवात के प्रभाव से 29 अक्टूबर को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र में हल्की से मध्यम वर्षा और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक भी अनेक स्थानों पर वर्षा, गरज-चमक, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कृषि विभाग ने संभावित वर्षा को देखते हुए किसानों को सलाह दी है कि उतेरा फसल के रूप में तिवरा एवं अलसी की बुवाई फिलहाल स्थगित रखें तथा रबी फसल की बुवाई मौसम अनुकूल होने पर नवंबर के प्रथम सप्ताह से करें। फसलों को नुकसान होने पर बीमित किसान तत्काल बीमा कंपनी अथवा कृषि विभाग को सूचना दें और नुकसान की फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखें। मौसम विभाग की ताजा चेतावनियों पर नजर रखें तथा तेज हवा, भारी वर्षा और वज्रपात के दौरान खेतों में काम करने से बचें।

बर्बादी की कगार पर फसल

हवा, बारिश से धान की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है। पूरे जिले में हर जगह धान की फसल चटाई की तरह जमीन पर बिछ गई है। खेतों में पानी भरा होने के कारण फसल के सड़ने का खतरा बना हुआ है। किसान पानी निकालने का जुगाड़ कर रहे हैं। कई स्थानों पर खेतों में पानी की धार चल रही है। अब आगे भी ऐसा मौसम का अंदेशा जताया गया है, ऐसे में फसल बचाने की कोशिश नाकाम साबित होगी।

सार्वजनिक सम्पतियां सुरक्षित

आंधी बारिश से सार्वजिनक सम्पतियों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में कलेक्टोरेट रोड में सुमीत बाजार के पास बुधवार की रात 10 बजे पेड़ की एक बड़ी सी टहनी गिरी थी, जिसे 11 बजे तक हटा लिया गया। विद्युत विभाग को भी इस आंधी बारिश से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। धमतरी शहर, नगरी, बेलरगांव सहित कुछ लाइन में ब्रेक डाउन हुआ था, जिसे सुधार लिया गया है। पुल पुलिया आदि को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

कुकरेल में सर्वाधिक बारिश

बुधवार से लेकर गुरुवार सुबह 8 बजे तक की बारिश का रिकार्ड देखें तो सर्वाधिक बारिश कुकरेल तहसील में 54 मिमी दर्ज की गई है। नगरी तहसील में 52.9 मिमी, बेलरगांव तहसील में 50 मिमी, धमतरी तहसील में 48.8 मिमी, भखारा तहसील में 31 मिमी, कुरूद तहसील में 28.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। गंगरेल बांध में भी पानी आवक बढ़कर 9117 क्यूसेक हो गई है। अन्य बांधों में भी पानी की आवक हो रही है।

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
&
16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
has been RANKED
has been RANKED
By Outlook
By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402



खबर संक्षेप

देहदान कर प्रधानपाठक ने पेश की मिसाल

धमतरी। शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेगांव (माल) में पदस्थ प्रधानपाठक राजेश कुमार यादव



51 वर्ष ने 27 अक्टूबर को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर देहदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने मृत्यु के बाद शरीर को जलाने या दफनाने के बजाय चिकित्सा शिक्षा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। देहदान से भावी चिकित्सकों को मानव शरीर की संरचना समझने और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलती है। राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें देहदान की प्रेरणा साहू समाज युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं डॉ. एलआर तिवारी (सेवानिवृत्त प्राचार्य) से मिली।

10 आपदा पीड़ितों को 40 लाख की सहायता स्वीकृत

जगदलपुर। कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा ने प्राकृतिक आपदा से मृत 10 लोगों के परिवारों के लिए 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। सभी प्रभावित परिवारों को चार-चार लाख रुपए दिए जाएंगे। यह राशि तहसीलदारों के माध्यम से सीधे बैंक खातों में डीबीटी द्वारा ट्रांसफर की जाएगी। सहायता पाने वालों में तालाब और कुएं में डूबने से मृत पदमनी के पिता भास्कर, मनबोध की पत्नी सनमती, तीरनाथ की पत्नी हेमबती, धनर कश्यप की पत्नी दिलेश्वरी, चंदन के पिता रामचंद और लखूराम की पत्नी सिलदई शामिल हैं।

नवाचारी शिक्षक कंचन हुई सम्मानित

जगदलपुर। शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बस्तर के छह शिक्षकों को समाज दीप रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अतिथियों ने शिक्षकों को सम्मान प्रदान किया।

न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग)
हेमंत कुमार साहू व अन्य .....आवेदकगण
बनाम
उदयमान जयसवाल व अन्य .....अनावेदकगण

प्र.क्र. 103 /2026 पेशी दिनांक 15/11/2026
प्रो. क्र. 1406/26
प्रो. क्र. 1407/26

प्रति,
1. उदयभान जयसवाल पिता दादन प्रसाद जयसवाल निवासी - धनौर, पोस्ट मरवास, जिला सीधी (म.प्र.)
2. मेसर्स केसर अर्थ सॉल्यूशन जयप्रकाश कॉम्पलेक्स तेलीबांधा पुलिस थाना के सामने तेलीबांधा रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

आपको इस समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आवेदिकगण हेमंत कुमार साहू व अन्य ने अनावेदकगण के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति राशि हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15/11/2026 को नियत है, आप निर्धारित पेशी दिनांक को स्वयं या प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश किये गये हो, जो सभी प्रश्नो का जवाब दे सकें।

आपको सूचित किया जाता है कि, प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/11/2026 को नियत है। अगर किसी कारणवश उस तिथि को अवकाश या कार्य स्थगित हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी, आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जावेगी।

आज दिनांक 28/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

(राधेश्याम ध्रुव)
अतिरिक्त मो.दु. दावा प्राधिकरण
कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)

दीपावली पर्व पर पटाखा दुकानों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री और भंडारण में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम मनोज मरकाम और एसडीओपी विपिन रंगारी ने पटाखा लाइसेंसी कारोबारियों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने पटाखा व्यापारियों को लाइसेंस की शर्तों का पालन करने, सुरक्षित भंडारण करने और निर्धारित स्थान पर ही पटाखों की बिक्री करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने का मुद्दा भी सामने आया। इस पर एसडीएम ने नगर पंचायत को जिला स्तर से फायर ब्रिगेड की मांग करने और दीपावली के दौरान उसे मौके पर तैनात रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों पर वैध लाइसेंस प्रदर्शित करें तथा लाइसेंस में स्वीकृत स्थान पर ही पटाखों का भंडारण और निर्धारित सीमा के भीतर बिक्री करें। बिना लाइसेंस पटाखे बेचने, अवैध भंडारण करने, प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री करने और अवैध स्रोत से प्राप्त पटाखे रखने पर रोक रहेगी।

बैठक में संबंधित अधिकारी और पटाखा व्यवसायी मौजूद रहे।

एसडीएम और एसडीओपी ने लाइसेंसी पटाखा कारोबारियों की ली बैठक

आग से बचाव के उपाय करना अनिवार्य

पटाखा दुकानों में अग्निसुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। व्यापारियों से कहा गया कि पटाखों के आसपास ज्वलनशील पदार्थ न रखें, दुकानों में धूमपान पर रोक लगाएं तथा बिजली के तारों और उपकरणों को सुरक्षित रखें। इसके अलावा आग बुझाने के उपकरण उपलब्ध रखने, प्राथमिक बचाव की व्यवस्था करने और दुकान से बाहर निकलने का रास्ता खुला रखने के निर्देश दिए गए।



व्यापारी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें

एसडीएम ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यापारी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें, ताकि त्योहार के दौरान किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

जनपद सदस्य ने खेतों का सर्वे करने और मुआवजे की मांग की

भारी बारिश और तेज हवा से धान की फसल बर्बाद, किसानों पर टूटा दुखों का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

चक्रवर्ती तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश नगरी क्षेत्र किसानों के लिए आफत बन गई है। लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, वहीं तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सालभर की मेहनत से तैयार फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

ग्राम ठेनही के किसान मोतीलाल पिता अर्जुन कश्यप ने बताया कि उनकी दो एकड़ में काटकर रखी गई धान की फसल पानी में डूब गई है। वहीं चार एकड़ में खड़ी धान की फसल तेज हवा के कारण खेतों में गिर गई है। इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। बारिश और तेज हवाओं के चलते धान की फसल प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों को शासन-प्रशासन से राहत मिलने की उम्मीद है।



जनपद सदस्य सिरधन सोम ने कहा कि भारी बारिश ने केवल ग्राम ठेनही ही नहीं, बल्कि नगरी क्षेत्र सहित धमतरी जिले के कई प्रभावित इलाकों में किसानों की फसल को चौपट कर दिया है। किसान अपनी सालभर की मेहनत को बर्बाद होते देखकर चिंतित हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित गांवों में तत्काल राजस्व विभाग की टीम भेजकर फसल क्षति का सर्वे कराया जाए तथा नुकसान के आधार पर प्रत्येक पात्र पीड़ित किसान को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

धान खरीदी में किसानों को परेशान न करने की मांग

जनपद सदस्य ने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को प्राकृतिक आपदा से पहले ही किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में धान खरीदी के समय सोसायटियों में धान की गुणवत्ता और रंग को लेकर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने शासन-प्रशासन से किसानों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ धान खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है।

बेमौसम बारिश से धान और सब्जियों की फसल प्रभावित





- 30-40 फीसदी धान के खराब होने की आशंका, किसानों की बढ़ी चिंता

डाही(धमतरी)। चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बुधवार- गुरुवार को हुई बारिश से एक बार फिर किसानों के चेहरे में तनाव दिखने लगा है। किसानों ने बताया कि पूर्व में जोरदार हवा, आंधी और बारिश ने धान के पौधों को गिरा दिया था। कुछ किसान गिरे पौधों को इकट्ठा कर जुड़ी बना रहे थे कि इस पानी ने खेतों को फिर से गीला कर दिया है। अब धान के पौधों में बीमारी लगना तय है। सोये हुए धान में कीड़े लगने का डर है। इधर कृषि विभाग ने किसानों से सतर्क रहने की अपील की है। 30 से 40 प्रतिशत तक धान खराब होने की आशंका दिख रही है। बारिश ने सब्जी की फसल को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। भाव आसमान छू रहे हैं। धनियापत्ती 200 रुपये किलो, पत्तागोभी 40 , फूलगोभी 60 और टमाटर 50 रूपये बिक रहा है। रामकुमार पटेल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, बिसहत पटेल, ईशु पटेल, लीलेश्वर पटेल, हुलास पटेल ने बताया कि पौधों में लगे फूल काफी मात्रा में झड़ गये है। पत्तियों में कीड़े लग गए हैं। आने वाले समय में सब्जियां और महंगी हो सकती हैं।

चक्रवाती तूफान अर्नब से खड़ी धान फसल को भारी नुकसान



- दो दिन से झमाझम बारिश, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

चक्रवाती तूफान अर्नब से मगरलोड क्षेत्र में दो दिन से लगातार झमाझम बारिश हो रही है। बारिश से खेतों में पककर तैयार धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तूफान, बारिश से ग्राम राजपुर, सरगी, सोनेवारा, मोहंदी, जामली, बेलोरा, मेघा, अरौद, कुंडेल, भोथा,करेली छोटी, पहंदा, बोरसी, लड़ेर, परसवानी, बेलरदोना, भरदा, करेली बड़ी, छिपली, लुगे, भैंसमुंडी, बनियातोरा, हसदा, खिसोरा, भेंड़री, बोड़रा आदि गांवों में धान की खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है। हारूना किस्म का धान पककर तैयार हो गया था। किसान कटाई करने वाले ही थे कि अर्नब चक्रवात तूफान आ गया। इससे अन्नदाताओं की मुश्किल बढ़ा दी है। तेज हवाओं ने धान की खड़ी फसल को चटाई की तरह कर दिया है। कई खेतों में पानी भर गया है। ब्लॉक के अधिकांश गांवों के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इससे दीपावली त्योहार फीका पड़ सकता है।

आईसीयू से तीन लाख के दो वेंटिलेटर की चोरी



धमतरी क्रिश्चियन हास्पिटल की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बस स्टैण्ड के पास स्थित धमतरी क्रिश्चियन हास्पिटल के आईसीयू से अज्ञात चोरों ने तीन लाख कीमत के दो वेन्टिलेटर की चोरी कर ली। घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है।

उल्लेखनीय है कि चोरों के लिए सूने मकान, दुकान व बाहर खड़े दोपहिया, चारपहिया वाहनों की चोरी आसान टारगेट रहता है। जब भी मौका मिले चोर नकदी, जेवर व वाहनों पर हाथ साफ कर फरार हो जाते हैं लेकिन अब चोर अस्पताल में लगे जीवनरक्षक उपकरणों की चोरी करने से भी नहीं कतरा रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला जिले के सबसे बड़े धमतरी क्रिश्चियन हास्पिटल से सामने आया है। यहां अज्ञात चोरों ने अस्पताल के आईसीयू में लगे वेन्टिलेटर की दिनदहाड़े चोरी कर ली है। मसीही अस्पताल में बिजनेस मैनेजर के पद पर कार्यरत राजेश मसीह उम्र 57 वर्ष काली मंदिर सोरिद निवासी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते 9 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे के बीच तीन अज्ञात व्यक्ति अस्पताल के आईसीयू में प्रवेश कर वहां लगे हुए दो नग वेन्टिलेटर कीमत 3 लाख रूपये की चोरी कर ले गए जिसका वीडियो अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरा में रिकार्ड है। जानकारी होने पर अस्पताल अधीक्षक व चिकित्सक को घटना की जानकारी दी गई। विचार-विमर्श करने के बाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ धारा 3(5), 305(ई), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

बरसते पानी में वंदेमातरम परिवार ने 76वें अज्ञात शव को दी सद्गति

- महानदी मुख्य नहर के गेट नंबर-3 के पास मिला था शव
- पुलिस की मौजूदगी में किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

इंसानियत और सेवा की मिसाल पेश करते हुए वंदेमातरम परिवार एवं बोल बम सेवा समिति कुरुद ने गुरुवार को बरसते पानी के बीच एक अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया। महानदी मुख्य नहर के गेट नंबर-3 के पास मिले इस शव की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई गई है। बिरेझर पुलिस चौकी की अनुमति से कुरुद के हिंदू मुक्तिधाम में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई।

समिति के अनुसार यह 76वां लावारिस शव है, जिसका अंतिम संस्कार कर सद्गति प्रदान की गई। शव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सदस्यों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विपरीत मौसम के बावजूद समिति के सदस्यों ने मानवीय संवेदना के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई।



इस दौरान वंदेमातरम परिवार के अध्यक्ष एवं बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर, उपाध्यक्ष नंद आमदे, कोषाध्यक्ष भारत साहू, कृष्णा ढीमर, सीताराम, राजा चंद्राकर, रवि यादव, गोविंदा सहित पुलिस टीम से एएसआई इशु साहू, प्रधान आरक्षक महेश पटेल, आरक्षक नैनदास बांधे, डॉ. गौरव नेताम, शैलेन्द्र साहू मौजूद रहे।

अमाली स्कूल की प्रधानपाठिका को समाज दीप रत्न सम्मान मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली माध्यमिक शाला अमाली की प्रधानपाठिका श्रीमती हर्षलता साहू को समाज दीपरत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अतिथियों ने यह सम्मान प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार जागेश्वरी मेश्रा रही। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल राष्ट्रपति पुरस्कृत, अध्यक्ष मीना भारद्वाज सहित पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

सिरीं में चौमासा रामायण की हुई पूर्णाहुति, भजन-कीर्तन में शामिल हुए श्रद्धालु

भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरीं

ग्राम सिरीं की सत्संग समिति द्वारा आयोजित चौमासा रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का शरद पूर्णिमा पर पूर्व सरपंच सौहेन्द्रसिंह गुरुदत्ता के निवास पर समापन हुआ। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और सत्संग के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

डोटोपार निवासी रामायण व्याख्याकार वेदप्रकाश साहू ने रामायण की सारगर्भित व्याख्या भी की। थूहा के टुकेश यादव एवं बिरेझर के संतोष कुमार साहू ने तबले पर संगत दी, वहीं गायक देवराम कलहारी ने गायन में सहयोग किया। सत्संग समिति के मुख्य गायक सरदार सौहेन्द्रसिंह गुरुदत्ता ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू भी उपस्थित रही। यहां वर्षभर धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं।



सत्संगियों के सहयोग से पिछले चार महीने से यह आयोजन लगातार चल रहा था। इसी कारण सिरीं गांव को ऋषिग्राम के नाम से भी जाना जाता है। डोटोपार के रामायण व्याख्याकार वेदप्रकाश साहू ने रामायण के प्रसंगों के माध्यम से जीवन में मर्यादा, सदाचार और आदर्शों के महत्व पर प्रकाश डाला। फिंगेश्वर से पहुंचे भागवताचार्य परमानंद महाराज ने कहा कि कलिकाल में रामनाम ही जीवन का आधार है। मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा ने भी भगवान श्रीराम के आदर्शों का बखान किया। डॉ. सुनील सेन ने चौमासा रामायण पाठ की महत्ता बताई।

इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष डीहू तारक, घनश्याम सिंह साहू, तुलाराम साहू, दुर्गा साहू, पीला कुमार साहू, रोहित निर्मलकर, पामेश देवांगन, भूपेंद्र साहू, बिसाहू सिन्हा, रायसिंग ध्रुव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरीं - 99261-66875, जौगागांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201





अंचल की खबरें

असमय बारिश से किसानों को नुकसान, 30 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजे की मांग



धमतरी। चक्रवात अर्णब के प्रभाव से गागरा, कंडेल, नवागांव, भानपुरी सहित आसपास के गांवों में किसानों को असमय बारिश और तूफान के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है। दिनभर बारिश और तेज हवाओं के चलते मौसम खराब रहा तथा धूप नहीं निकलने से खेतों में फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रभावित किसानों ने शासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि असमय वर्षा और तूफान से उनकी मेहनत पर पानी फिरने की स्थिति बन गई है। मौसम की मार से कृषि कार्य प्रभावित होने के साथ ही फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। किसानों ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द फसल का आकलन कराया जाए, ताकि नुकसान के अनुसार राहत मिल सके। कृषक फागूराम साहू, मन्नू लाल साहू, जगदीश निषाद, अमीन निषाद, गणेश साहू, संतू लाल, गोविंद साहू ने शासन से प्रति एकड़ 30 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। किसान नेता घनाराम साहू ने भी प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।

उत्साही युवा मंच ने 200 गरीब बच्चों एवं पालकों को वस्त्र बांटे



धमतरी। समाज सेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उत्साही युवा मंच ने ग्राम भटगांव में लगभग 200 बच्चों और उनके पालकों को कपड़े वितरित किए। समूह को ये सभी कपड़े गौरव लोहाना से प्राप्त हुए थे। यह कार्यक्रम भटगांव क्षेत्र के केंद्रीय भंडारण निगम सोरम के परिसर में आयोजित किया गया था। इस आयोजन में केंद्रीय भंडारण निगम के मैनेजर गौरव चंद्राकर और भटगांव प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार पाण्डेय का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में योगेन्द्र समेत भूपेंद्र, विराज, फाल्गुनी, राहुल, दिया, लवली, गौरी, भरत, कंचन एवं सुनील ने अपनी अहम भूमिका निभाई। उत्साही युवा मंच को समाजसेवी आकाशगिरी गोस्वामी का निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा है

खुले दंगल में दिखेगा पहलवानों का दमखम

धमतरी। कुश्ती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उभरते पहलवानों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 15 नवंबर को गोकुलपुर में राज्यस्तरीय बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता गोकुलपुर वार्ड स्थित सत्संग भवन मैदान में होगी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के सात और बालिका वर्ग के तीन वजन समूह निर्धारित किए गए हैं। इस तरह कुल 10 वजन समूहों में पहलवान मैट और मिट्टी पर अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा खुली दंगल कुश्ती का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के नामी पहलवानों के साथ प्रतिष्ठित अखाड़ों और व्यायामशालाओं के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन की तैयारी में जय बजरंग अखाड़ा के उस्ताद भगवान सिंह यादव, अध्यक्ष विजय कुमार यादव, नुमेश यादव, मेघराज यदु, मनोज साहू, प्रभात भोयर, कृष्णा साहू, पुरुषोत्तम यदु जुटे हुए हैं।



■ गोकुलपुर में 15 नवंबर को सजेगा राज्य स्तरीय कुश्ती का दंगल

छग में शासकीय कर्मचारियों को मिलेगी कैशलेस उपचार सुविधा

धमतरी। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके आश्रित परिवारों के लिए कैशलेस उपचार सुविधा की घोषणा से कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में लिए गए इस निर्णय को कर्मचारी हित में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चंदूलाल चंद्राकर जिला संयोजक छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बताया कि अब तक कर्मचारियों को इलाज के लिए स्वयं खर्च उठाने और बाद में चिकित्सा बिलों के भुगतान हेतु कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कैशलेस सुविधा शुरू होने से इन समस्याओं में राहत मिलने की उम्मीद है।

कुरुद क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ धान की पकी फसल जलमग्न

चक्रवात अर्नब ने तोड़ी किसानों की कमर

■ खेतों में बिछ गई पकी फसल, बालियां सड़ने का मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से 28 और 29 अक्टूबर को हुई लगातार मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने कुरुद अनुविभाग के अन्नदाताओं पर भारी कहर बरपाया है। ऐन कटाई के वक्त आई इस बेमौसम आफत ने किसानों के सपनों और उनकी महीनों की कड़ी मेहनत को पानी में डुबो दिया है।

क्षेत्र में धान की फसल पूरी तरह पककर तैयार थी और किसान कटाई-मिंजाई की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच आई तेज आंधी और बारिश के थपेड़ों से सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल ताश के पत्तों की तरह जमीन पर बिछ गई। खेतों में भारी जलभराव के चलते धान की बालियां पूरी तरह डूब चुकी हैं। पानी में डूबी रहने से बालियों में अंकुरण फूटने और दानों के सड़ने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है, जिससे पैदावार में भारी गिरावट और किसानों को सीधे तौर पर लाखों का आर्थिक नुकसान होना तय माना जा रहा है।

धान के साथ-साथ बाड़ियों में लगाई गई मौसमी सब्जियों जैसे गोभी, टमाटर, बैगन और पत्तेदार सब्जियों की फसल भी पानी के ठहराव से पूरी तरह सड़ने की कगार पर पहुंच गई है। खरीफ की उपज बेचकर दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाने और कर्ज चुकाने की आस लगाए बैठे किसानों के चेहरों पर अब गहरी चिंता और मायूसी छा गई है।

सब्जी उत्पादक भी बर्बाद, दीपावली की खुशियों पर ग्रहण



जनजीवन थमा, सर्दी-बुखार से सेहत बिगड़ी

लगातार बारिश और सर्द हवाओं से तापमान गिरने से क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ गई है। बाजारों से चहल-पहल गायब हो गई है और त्योहार की तैयारियां रुक गई हैं। मौसम की खराबी के चलते सर्दी-बुखार से छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों की सेहत बिगड़ने लगी है। वहीं पीड़ित किसानों ने प्रशासन से शीघ्र गिरदावरी कराकर उचित मुआवजे की मांग की है।

जोरातराई में झुके 11 केवी पोल, रातभर बिजली रही बंद

तूफान के चलते ग्राम जोरातराई में सड़क निर्माण के लिए खोदी गई नाली की जद में आए 11 केवी लाइन के दो कांक्रीट पोल खतरनाक रूप से झुक गए। तारों में शार्ट सर्किट होने से रात को आधी बस्ती में अंधेरा छाया रहा। सुबह बिजली विभाग के लाइनमेन रोशन निर्मलकर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत की और पोल को अस्थायी रूप से सीधा कर बिजली बहाल कराई।

सोने-चांदी के दाम घटे आभूषण खरीदारों में उत्साह

■ 22 कैरेट सोना 1.30 से 1.32 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास, चांदी के भाव में भी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पिछले एक साल में तेजी से बढ़े सोने-चांदी के भाव में अब गिरावट आने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। सोने की कीमत जो पिछले साल प्रति 10 ग्राम 1.90 लाख से 1.95 लाख रुपये तक पहुंच गई थी, वह अब घटकर लगभग 1.30 लाख से 1.32 लाख रुपये के आसपास आ गई है। कीमत में कमी से आभूषण खरीदने की योजना बना रहे लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित बरडिया ने बताया कि गुरुवार को उनके प्रतिष्ठान में 22 कैरेट सोना 1,31,200 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट सोना 1,20,000 रुपये और 18 कैरेट सोना 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से बिका। वहीं चांदी का भाव 1,850 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आमंत्रण ज्वेलर्स के संचालक ज्ञानचंद लुनावत और संकेत लुनावत ने बताया कि उनके यहां गुरुवार को उत्कृष्ट क्वालिटी का 22 कैरेट सोना 1,32,100 रुपये, 20 कैरेट सोना 1,20,650 रुपये और 18 कैरेट सोना 1,09,250 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। चांदी की कीमत 1,880 रुपये प्रति 10 ग्राम है। उन्होंने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट क्वालिटी का हॉलमार्क सोना उपलब्ध है। इसी तरह सूर्यकुमार एंड संस के संचालक के अनुसार उनके प्रतिष्ठान में 22 कैरेट सोना 1,30,167 रुपये, 20 कैरेट सोना 1,18,333 रुपये और 18 कैरेट सोना 1,06,500 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी का भाव 1,892 रुपये प्रति 10 ग्राम है। सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट से ग्राहकों को राहत मिली है। हालांकि खरीदारी के समय आभूषणों की शुद्धता, मेकिंग चार्ज और लागू करों की जानकारी लेना जरूरी है।

पंचायत की पहल का इंतजार छोड़ कर ग्रामीणों ने खुद संवारी गांव की तस्वीर

■ आरमुड़ा के ग्रामीणों ने जनसहयोग से कराया रंगमंच के सामने सीमेंट कांक्रीटीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत करैहा के आश्रित ग्राम आरमुड़ा में ग्रामीणों ने एकजुटता और जनसहयोग की अनूठी मिसाल पेश की है। गांव के रंगमंच के सामने बारिश के दिनों में कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों को आवागमन और सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन में परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने शासन की सहायता का इंतजार करने के बजाय खुद पहल की और आपसी सहयोग से सीमेंट कांक्रीटीकरण का कार्य पूरा किया।

ग्रामीणों ने बताया कि रंगमंच के सामने बारिश के कारण कीचड़ जमा हो जाता था, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ग्रामीणों ने आपसी बैठक कर जनसहयोग से निर्माण कार्य कराने का निर्णय लिया। प्रत्येक घर से चंदा एकत्र किया गया। जुटाई गई राशि से लगभग 100 बोरी सीमेंट के साथ गिट्टी, रेत और अन्य आवश्यक निर्माण सामग्री की व्यवस्था की गई। हल्की बारिश के बीच भी ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी और सामूहिक प्रयास से कांक्रीटीकरण का कार्य पूरा किया। इस निर्माण कार्य में गांव की महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस कार्य में कांता कुंजाम, गोकुल मरकाम, राधेलाल मंडावी, मंत्री कोर्राम, मनीष नेताम, संजय निषाद, लक्की मरकाम, सहदेव राम मरकाम, घनेन्द्र यादव, कमलेश नेताम, सुनोतिन बाई मंडावी, शशि यादव, गनेशिया नेताम, हेमिन बाई नेताम, कुलेश्वरी रजक, रमेश नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान किया।



ग्रामीणों की एकजुटता रंग लाई

बाल मंडली अध्यक्ष मन्नूराम मंडावी ने बताया कि रंगमंच के सामने कीचड़ जमा होने की समस्या से ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। इस समस्या के समाधान के लिए जब पंचायत स्तर पर अपेक्षित पहल नहीं हो पाई, तब ग्रामीणों ने बैठक कर स्वयं निर्माण कार्य कराने का निर्णय लिया। ग्रामीणों की एकजुटता और सामूहिक प्रयासों से यह पहल सफल हो सकी।

त्योहारी खरीदारी पर महंगाई का साया

■ खाद्य सामग्री, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के दाम बढ़ने से बजट गड़बड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली की तैयारियों के बीच बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ गई है, लेकिन जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमत ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। पिछले तीन महीनों में खाद्य सामग्री, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के दाम बढ़ने से त्योहार का बजट गड़बड़ा गया है। लोग जरूरत के सामान की खरीदारी करने से पहले कीमत की तुलना कर रहे हैं।

देवकुमार रामजी एंड संस के अनुसार बाजार में गेहूं, आटा, दाल, प्याज, घी और खाद्य तेल की कीमत में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार गेहूं की कीमत जुलाई-अगस्त में 32 रुपये से बढ़कर अक्टूबर में 43 रुपये हो गई है। आटा 38 से बढ़कर 48 रुपये, चना दाल 85 से बढ़कर 93 रुपये और अरहर दाल 130 से बढ़कर 133 रुपये तक पहुंच गई है। प्याज के दाम भी 30-35 रुपये से बढ़कर 55-60 रुपये हो गए हैं।



ऑनलाइन खरीदारी की ओर बढ़े ग्राहक

महंगाई के बीच ग्राहक कम कीमत और आकर्षक ऑफर की तलाश में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का रुख कर रहे हैं। इससे स्थानीय बाजार के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। हालांकि, सोने-चांदी की कीमत में गिरावट से आभूषण खरीदने वालों को कुछ राहत मिली है।

खाद्य तेलों की कीमत में वृद्धि से रसोई का खर्च बढ़ा है। वहीं एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और मोबाइल जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के महंगे होने से ग्राहकों को खरीदारी के लिए अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। कपड़ा बाजार में भी कीमत में बढ़ोतरी का असर दिखाई दे रहा है।

अंडर-13 फुटबॉल 4 को

धमतरी। धमतरी फुटबॉल क्लब (डीएफसी) द्वारा बालक अंडर-13 वर्ष की एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 नवंबर को पीजी कॉलेज मैदान धमतरी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न फुटबॉल क्लब और अकादमियों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और खेल कौशल निखारने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता का प्रथम मैच सुबह 7:30 बजे शुरू होगा, जबकि फाइनल मुकाबला शाम 4:30 बजे खेला जाएगा। यह जानकारी क्लब के आयोजक राजेश नारायण ने दी है।

जिले के दो प्राचार्यों एवं दो व्याख्याताओं को मिला राज्यस्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह का आयोजन वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा थे। अध्यक्षता मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण ने की। विशिष्ट अतिथि जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री एवं लोक कलाकार, संजय कुमार मैथिल संयोजक व संस्थापक, मीना भारद्वाज अध्यक्ष, मुकेश झा, अखंड प्रताप सिंह साहित्यकार, वसंत पटेल समाजसेवी थे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से शामिल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवादी, अंधविश्वास निर्मूलन, जन-जागरूकता, कबाड़ से जुगाड़, समाज सेवा, कला संस्कृति, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने वाले शिक्षकों एवं समाज सेवकों, साहित्यकार तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

इस कड़ी में धमतरी जिले के नवाचारी एवं शिक्षा तथा समाज सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दो प्राचार्यों एवं दो व्याख्याताओं का सम्मान राज्य अलंकरण 2026 अंतर्गत किया गया। डॉ. आशीष नायक व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल बाजारकुर्रीडीह को समाजदीप रत्न सम्मान, गेवाराम नेताम प्रभारी प्राचार्य शाउमावि बिरेतरा को समाजदीप रत्न सम्मान, योगिता कंवर व्याख्याता सेजेस हटकेशर को समाजदीप रत्न सम्मान, राहुल सिंह नेताम प्रभारी प्राचार्य सेजेस कंडेल को समाजदीप रत्न सम्मान दिया गया। इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत ने हर्ष जताया है।









खबर संक्षेप

नपं बड़ी करेली में वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 12 नवंबर को

धमतरी। छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम, 1994 के नियम 5 तथा छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में नगर पंचायत बड़ी करेली में वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 12 नवंबर गुरुवार को की जाएगी। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। यह कार्रवाई शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगी। वार्डों के आरक्षण की इस प्रक्रिया में इच्छुक नागरिक निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रह सकते हैं।

पंच-उप सरपंचों के हक में लड़ेंगे लड़ाई

घाटलोहंगा। जपं बस्तर के अंतर्गत ग्रापं बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप को बस्तर जिला उपसरपंच संघ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। पूरन सिंह कश्यप ग्राम पंचायत बड़े चकवा में दो बार पंच के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे ग्राम पंचायत के उपसरपंच हैं। वे गांव की मूलभूत समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाने और उनके निराकरण के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं। बस्तर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं, उनके अधिकारों और ग्रामीणों की मांगों को लेकर भी आवाज उठाते रहे हैं। वे सर्व आदिवासी समाज के माध्यम से आदिवासी समाज के मुद्दों एवं अधिकारों के प्रतिनिधित्व में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।
पंच-उपसरपंचों के मानदेय और अधिकारों के लिए उठाएंगे आवाज
जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि जिले की ग्राम पंचायतों में पंचों एवं उपसरपंचों को आने वाली समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। पंचों के मानदेय में बढ़ोतरी, पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों तथा गांवों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं और ग्रामीण स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
इसलिए उनके मानदेय, अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।
बीमा की मांग को लेकर कानूनी लड़ाई की बात
पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि पंच एवं उपसरपंचों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन और राज्य सरकार के समक्ष मांगें रखी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर कानूनी प्रक्रिया के तहत भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी।
उन्होंने जनता द्वारा चुने गए पंचायत प्रतिनिधियों के लिए बीमा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठाते हुए कहा कि उनके सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा संबंधी विषयों पर भी पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला उपसरपंच संघ के माध्यम से सभी पंचायत प्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। पूरन सिंह कश्यप को जिला उपसरपंच संघ का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों, परिचितों एवं समाज के पदाधिकारियों व लोगों ने आशा जताई कि वे संगठन को मजबूत बनाने के साथ पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज बुलंद करेंगे और बस्तर के गांवों के विकास से जुड़े मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

करवाचौथ पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

जगदलपुर। पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की खुशहाली की कामना के साथ गुरुवार को करवाचौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने परंपरानुसार निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु की कामना की। दिनभर उपवास रखने के बाद महिलाओं ने शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और करवाचौथ की कथा सुनकर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। करवाचौथ को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। पर्व के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों के साथ सोलह श्रृंगार किया। पूजा के लिए , दीपक, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई।

तेज लहरों के बीच पलटी नाव, वाटर एम्बुलेंस से मछुआरे का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल जलाशय में अचानक बदले मौसम और तेज लहरों के बीच संकट में फंसे एक मछुआरे के लिए गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन छग की टीम मददगार साबित हुई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम बरारी निवासी बबलू निषाद को सुरक्षित उनके गांव पहुंचाया। संकट की इस घड़ी में टीम की सक्रियता, स्थानीय लोगों की सूचना और जिला प्रशासन के सहयोग से एक संभावित हादसे को गंभीर परिणामों में बदलने से बचाने में मदद मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरारी निवासी बबलू निषाद पेशे से मछुआरे हैं। बीते दिनों वे लकड़ी चुनने के लिए नाव से ठेमली आइलैंड गए थे। इसी दौरान मौसम में बदलाव और हवा की गति बढ़ने से जलाशय में लहरें तेज हो गईं। परिस्थितियां प्रतिकूल होते देख उन्हें नाव पलटने का अंदेशा हुआ। उन्होंने अपने परिवार से संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी, लेकिन इसी बीच नाव अनियंत्रित होकर पलट गई।

गंगरेल में संकट के बीच मददगार बनी ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम

मुश्किल परिस्थितियों में भी नहीं हारी हिम्मत

मुश्किल परिस्थितियों में भी बबलू ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने लगभग 100 मीटर तक तैरकर दूसरे टापू पर पहुंचकर आश्रय लिया। अंधेरा होने के कारण जंगल में रास्ता तलाशना भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया। उधर परिवार के सदस्य और ग्रामीण उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। उनके द्वारा दी गई सूचना के बाद गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन छग की टीम सक्रिय हुई। टीम ने वाटर एम्बुलेंस की मदद से बबलू को सुरक्षित बाहर निकाला और उनके गांव पहुंचाया। इस अभियान में सत्येंद्र शिव, राजेश मुकेश सहित अन्य सदस्यों ने भूमिका निभाई।



जिला प्रशासन के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्यों को मिला संबल

गंगरेल जलाशय जैसे विस्तृत जलक्षेत्र में अचानक उत्पन्न होने वाली आपात परिस्थितियों में त्वरित सूचना, आपसी समन्वय और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है। इस घटना में स्थानीय लोगों की सतर्कता और बचाव दल की तत्परता के साथ जिला प्रशासन का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। ऐसे समन्वित प्रयास आपात स्थिति में प्रभावित व्यक्ति तक समय पर सहायता पहुंचाने और उसकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं।

कई किसान कम बोली लगने से अपना उत्पाद बिना विक्रय किए वापस ले जा रहे

वनोपज-औषधि उत्पादों को नहीं मिल रहा है भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में वनोपजों के क्रय -विक्रय के लिए दूर-दूर से किसान पहुंचने लगे हैं लेकिन वनोपज एवं अन्य औषधि उत्पादों के लिए खरीदार की कमी होने से किसान एवं संग्राहकों को भाव नहीं मिल पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कम दाम में बोली लगने से संग्राहकों को अपना उत्पाद वापस ले जाने की मजबूरी है। किसानों का कहना है कि जब तक छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश के व्यापारी वनोपज खरीदने नहीं पहुंचेंगे तब तक यहां उनके उत्पाद को सही भाव नहीं मिलेगा।

सोमवार को मंडी में दर्जनों प्रकार के वनोपज एवं औषधि उत्पाद को लेकर अनेक संग्राहक एवं किसान पहुंचे। यहां भोईनीम 32 रूपये, नीमपत्ता 15 रू., अर्जुन फर 7 रू., बाउची बीज 60 रू., बेलखुटकी 10 रू., करण बीज 35 रू., जामुन गुठली 14 रू., बगनखा 25 रू., हर्रा छिलका 33 रू., मरोचबीज 25 रू., बेहड़ा 11 रू., गोरखमुंडी 32 रू., पलाश फूल 18 रू., चियासीड 160 रू., गिलोय 15 रू., बच 50 रू. बिका। इसे खरीदने स्थानीय व्यापारी राधा सत्यनारायण राठी, रोकड़िया ट्रेडर्स प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कोंडागांव से अपना उत्पाद बेचने पहुंचे हितेश गांधी ने बताया कि धमतरी में वनोपज मंडी शुरू होने की खबर पर वे पहली बार अपना वनोपज बेचने श्यामतराई मंडी पहुंचे हैं। उन्होंने मंडी में निशोद जड़ी, हर्रा, बेहड़ा, मालकांगनी, केयूकांदा, बंगीर, नागरमोथा, गोटियाफल, जामुन पत्ता, चिरई जाम पत्ता, करूकांदा, सतावरी, कड़ी पत्ता, गोरखमुंडी, अल्टी, पलाश फूल आदि विक्रय के लिए लाए थे, जिसमें से बेहड़ा गोरखामुंडी, अलटी, पलाश फूल को बेचा । हितेश बताते हैं कि निशोद जड़ी नीमच (एमपी) की मंडी में लगभग 400 रूपये किलो बिकता है। यहां 200 रूपये किलो में बोली लगाई गई। वहीं अन्य वनोपजों का भी दाम बहुत कम है। उनका कहना है कि जब तक अन्य प्रांत से वनोपज खरीदने व्यापारी नहीं पहुंचेंगे तब तक यहां वनोपज को भाव नहीं मिल सकता।

छपोरा निवासी उमेंदी प्रसाद टंडन ने बताया कि उन्होंने डेढ़ एकड़ में चियासीड की फसल लगाई है। ट्रायल के लिए धमतरी में बेचने के लिए लाया था। 160 रू. किलो में बोली लगी। उन्होंने अपना उत्पाद इसलिए नहीं बेचा क्योंकि 200 रू. किलो में यह आसानी से बिक जाता है। मंडी का शुरूआती दौर है। अधिक व्यापारी आने पर कम्पिटिशन होने से भाव मिलेगा। डौंडी क्षेत्र के किसान शंभूराम ने बताया कि उसने अश्वगंधा, मुंगेरा, गुंडरदेही के सतीश चन्द्राकर ने गोमती, भसकटिया, धतूरा बीज, अंडी फल बेचने के लिए आए हैं लेकिन मंडी में उनके उत्पाद को सही भाव नहीं मिला। किसानों का कहना है कि धमतरी की वनोपज मंडी के बारे में व्यापारियों तक जानकारी पहुंचने तथा उन्हें यहां आमंत्रित करने की दिशा में बड़ी पहल करनी होगी।

अर्नब को लेकर प्रशासन अलर्ट अब तक कोई जनहानि नहीं

- कलेक्टर ने कहा: किसानों की फसल क्षति का सर्वे जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव को देखते हुए जिले में जिला प्रशासन द्वारा एहतियातन आवश्यक तैयारियां की गई थीं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले में अब तक जनहानि, पशुहानि अथवा मकानों को क्षति पहुंचने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

श्री मिश्रा ने कहा कि मौसम की स्थिति में सुधार होने तक नागरिकों को आगामी दो से तीन दिनों तक विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। धान, दलहन एवं तिलहन की खड़ी फसल यदि पकने की अवस्था में है, तो मौसम साफ होने तक दो से चार दिनों तक कटाई से बचें। इससे फसल को संभावित नुकसान से बचाने में मदद मिल सकती है। राजस्व एवं कृषि विभाग का अमला प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कर रहा है, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

कलेक्टर ने किसानों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं तथा फसल क्षति होने की स्थिति में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी दें। पात्र किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अनुरूप दावा प्रक्रिया एवं नियमानुसार सहायता का लाभ दिलाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

होरा ने पटवारियों के आंदोलन को दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा आंदोलनरत राजस्व पटवारियों के धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पटवारियों से चर्चा कर उनकी मांगों और समस्याओं की जानकारी ली तथा सरकार से शीघ्र समाधान करने की मांग की। गुरमुख सिंह होरा ने कहा कि पटवारी राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे ग्रामीण क्षेत्र में किसानों और आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में लंबे समय से आंदोलन कर रहे पटवारियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में ग्रेड-पे संशोधन के बाद उत्पन्न वेतन विसंगति को दूर करने, पटवारी संवर्ग को राजस्व निरीक्षक पद पर विभागीय पदोन्नति का लाभ देने और पीवी ऐप से जुड़ी तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने की मांगों पर सरकार को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। आंदोलन के दौरान किए गए निलंबन, स्थानांतरण और कारण बताओ नोटिस जैसी कार्रवाई को वापस लेने की मांग पर भी विचार किया जाना चाहिए। श्री होरा ने कहा कि कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर करने के बजाय सरकार को उनके प्रतिनिधियों से बातचीत कर समस्याओं का शीघ्र समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के न्यायसंगत अधिकारों और उनकी मांगों के समर्थन में हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी।

मोबाइल पर यू-ट्यूब चैनल से देखा चंद्रमा फिर सुहागिन महिलाओं ने तोड़ा उपवास



- मौसम के खराब रहने से अंचल में नहीं दिखा चांद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करवाचौथ पर चांद का दीदार नहीं होने से व्रतधारी सुहागिन महिलाओं को मायूस होना पड़ा। हालांकि मोबाइल पर यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से या अन्य धार्मिक मान्यताओं के अनुसार व्रत पूर्ण करने का उपाय अपनाया गया।

बंगाल की खाड़ी पर बने चक्रवाती तूफान के कारण बारिश और बादल छाए हुए हैं। गुरूवार को अंचल में करवाचौथ का पर्व विधि-विधानपूर्वक मनाया गया। सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। इसमें चांद के दर्शन के बाद ही व्रत तोड़ने का नियम है। आसमान पर छाए बादलों ने व्रतधारी महिलाओं का उत्साह फीका कर दिया।

चंद्रमा के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हुए

चक्रवाती तूफान के प्रभाव के चलते चंद्रमा के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हो सके। ऐसे में सुभाषनगर वार्ड की व्रतधारी महिलाओं संगीता देवांगन, दिव्या निषाद और गिरिजा बाई ने समाचार चैनलों के माध्यम से उन स्थानों का प्रसारण देखा, जहां चंद्रमा दिखाई दे रहे थे। महिलाओं ने मोबाइल पर चंद्रदेव के दर्शन कर अपना उपवास खोला।

धार्मिक मान्यताओं से पूर्ण किया व्रत

हाउसिंग बोर्ड निवासी सविता राजपूत, तुलसी गुप्ता ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं के अनुसार प्रतिकूल मौसम में चंद्र दर्शन नहीं होने पर कुछ प्रतीकात्मक उपाय अपनाए जाते हैं। इसके लिए चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर कच्चे चावल से चंद्रमा की आकृति बनाकर उपवास तोड़ा जा सकता है। चांदी के सिक्के को चंद्रमा मानकर पूजा करने का विकल्प है। चंद्रोदय के निर्धारित समय पर चंद्रमा की दिशा की ओर मुख कर ध्यान कर अर्घ्य देने की परंपरा है।

एफआईआर दर्ज नहीं होने से सर्व आदिवासी समाज में आक्रोश

- गवाहों पर दबाव बनाने का आरोप, पीड़िता को न्याय और सुरक्षा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर ऑफिस में तैनात एक आदिवासी महिला कर्मचारी के साथ कथित दुर्व्यवहार, मानसिक प्रताड़ना एवं जातिगत अपमान के मामले में शिकायत के 20 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से सर्व आदिवासी समाज में आक्रोश है। समाज ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है।

बताया गया कि पीड़िता ने 9 अक्टूबर 2026 को थाना सिविल लाइन रुद्री में शिकायत प्रस्तुत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी लेकिन कार्रवाई नही हुई। कार्रवाई नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज ने 23 अक्टूबर को थाना घेराव एवं आंदोलन की सूचना दी थी। इसके बाद 21 अक्टूबर को कंवर समाज, गोंड समाज, हल्बा समाज, सतनामी समाज, बौद्ध महासभा एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी।

समाजजनों का कहना है कि बैठक में एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन मिलने तथा गवाहों को प्रताड़ित नहीं किए जाने की बात पर भरोसा करते हुए आंदोलन स्थगित किया गया था। लेकिन इसके बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से समाज में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

समाज के अनुसार गवाहों पर कथित दबाव बनाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। समाज ने इन परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष जांच और पीड़िता व गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। सर्व आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया है कि पीड़िता को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिकता है। यदि मांग पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो समाज आगे की रणनीति तय कर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगा। ज्ञापन देने वालों में रामेश्वर मरकाम, तिजेंद्र कुंजाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, बंटी मरकाम, हेमंत ध्रुव, नन्दकिशोर नेताम, प्रद्युमन नेताम आदि शामिल है।

महापौर रामू रोहरा ने किया भूमिपूजन

दानीटोला में बनेगा झिरिया साहू समाज का किचन भवन

धमतरी। महिमासागर वार्ड अंतर्गत दानीटोला स्कूल के पीछे स्थित झिरिया साहू समाज भवन परिसर में 10.68 लाख रुपये की लागत से बनने वाले किचन भवन का भूमिपूजन महापौर रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता झिरिया साहू समाज दानीटोला के अध्यक्ष कोमलराम साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि युगल किशोर यादव, अज्जू देशलहरे पार्षद दानीटोला वार्ड, गणेश राम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, चन्द्रभागा साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ शहर, पवन गजपाल अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल धमतरी, विशिष्ट अतिथि विजय साहू, डॉ. रामकुमार साहू, मदन साहू, अशोक सिन्हा एल्डरमेन, विमल कुमार साहू, बंशीलाल साहू एवं किशनलाल साहू थे। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज की एकता, आपसी भाईचारे और परंपराओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे भवन केवल आयोजन स्थल नहीं, बल्कि समाज के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने और सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का माध्यम भी होते हैं। मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।



बोरसी में कबड्डी प्रतियोगिता 5 नवंबर को

मगरलोड। ग्राम बोरसी में जय घटोरिया क्रीड़ा मंडल द्वारा डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर गुरुवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 15000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 8000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है। बेस्ट रेडर, कैचर में आकर्षक इनाम 300 रूपये है। प्रवेश शुल्क 401 रूपये है। यह जानकारी मोरध्वज निषाद, लेखराम निषाद, परमेश्वर सिन्हा ने दी है।

भांजा ने मोबाइल नहीं दिया तो मामा ने गुस्से में अपनी जांघ पर मारा चाकू, मौत

- इलाज के लिए दोबारा जिला अस्पताल में भर्ती हुआ था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अपने मोबाइल को भांजे से मांगने पर नहीं मिलने से गुस्से में आकर मामा ने आत्मघाती कदम उठाते हुए चाकू से अपने आपको घायल कर लिया। 20 दिन बाद घायल की मौत हो गई।

उल्लेखनीय है कि मोबाइल के चक्कर में युवक व किशोर हत्या तथा आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। बीते दिनों खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव में मोबाइल को लेकर हुए विवाद के चलते 19 वर्षीय बड़े भाई ने 16 वर्षीय छोटे भाई की लाठी मारकर हत्या कर दी थी। कुछ इसी तरह का मामला सोरिद के भर्रीपारा में भी सामने आया है जहां भांजा ने मोबाइल वापस नहीं किया तो मामा ने आत्मघाती कदम उठा अपने आपको घायल कर लिया। घटना के 20 दिन बाद घायल मामा की मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सोरिद भर्रीपारा निवासी विनय मंडावी पिता संतोष उम्र 28 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। बीते 8 अक्टूबर को युवक ने शराब का सेवन किया था। शाम लगभग 7 बजे उसका भांजा शौर्य विनय के मोबाइल को देख रहा था। विनय ने अपना मोबाइल मांगा तो भांजे ने मोबाइल को बंद कर दिया। इसके बाद विनय गुस्से में घर के किचन में गया और बर्तन जाली में रखे सब्जी काटने के चाकू से अपनी दाहिनी जांघ पर वार कर लिया। चाकू के वार से विनय की जांघ से अत्यधिक खून बहने लगा। युवक को लहूलुहान देख परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से रिफर करने पर घायल को उपचार के लिए रायपुर के शासकीय अस्पताल ले गए। वहां से उपचार के बाद युवक को घर ले आए। घटना के लगभग 20 दिन बाद 29 अक्टूबर गुरूवार की सुबह विनय घर में बाथरूम जा रहा था। इसी दौरान उसकी जांघ से खून निकलने लगा। युवक को तत्काल उपचार के लिए दोबारा जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



